बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक :................................ दिनांक ....

अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(O) 9939469410
(R) 0612-2526123

उपाध्यक्ष
1. शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(O) 9334387630
(F) 0612-2504498
(R) 0612-2288139

2. अखलाख अहमद
(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

महासचिव
सुशील कुमार,
(M) 9431091417
(O) 9431818484

संयुक्त सचिव
1. राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157
(O) 9431818010

2. अनिल कुमार सिंह
(M) 9431409463

कोषाध्यक्ष
चन्द्रशेखर सिंह
(M) 9334131351

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901
(O) 9334387555

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 22.06.2008 को अरीयरी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री अरविन्द कुमार मिश्रा की अपराधियों द्वारा गोली मार कर हत्या कर दी गई है, जिसके कारण बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में अत्यन्त रोष एवं भय का माहौल है। राज्य के सभी जिलों से पदाधिकारियों द्वारा घटना की निन्दा एवं मृत पदाधिकारी के आश्रितों के लिए सारकार से आवश्यक सुविधा की मांग की जा रही है। उल्लेखनीय है कि श्री मिश्रा औरंगाबाद जिला के रहने वाले हैं, जहॉ उनकी अन्त्येष्ठि दिनांक 23.06.2008 को हुई, जिसमे बिहार प्रशासनिक सेवा संध के अध्यक्ष, महासचिव के अतिरिक्त कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। अभी तक अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हुई है एवं सरकार के द्वारा इस दिशा में कोई भी सार्थक पहल नजर नहीं आ रहा है। बिहार प्रशासनिक सेवा संध द्वारा इस घटना के उपरान्त सरकार के स्तर से किसी वरीय पदाधिकारी द्वारा स्थल भ्रमण नहीं करने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक पहल नहीं करने की भर्तस्ना की गयी है। संघ का एक प्रतिनिधि मंडल गृह सचिव से मिला है एवं अपना रोष व्यक्त करते हुए हत्यारे को अविलम्ब गिरफ्तार करने की मांग रखी है। इस संबंध में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के केन्द्रीय कार्यकारणी द्वारा विचार करने एवं तथा अपनी आगे की रणनीति तैयार करने हेतु दिनांक 25.06.2008 को संध्या 6 बजे संध भवन, पटना में केन्द्रीय कार्यकारणी की विशेष बैठक आहुत की गई है, जिसमें सभी जिला के जिला ईकाइयों के अध्यक्ष/सचिव या उनके प्रतिनिधियों को बुलाया गया है। बैठक में विशेष रूप से श्री मिश्रा के हत्यारों की गिरफ्तारी, आश्रितों को देय सुविधा एवं प्रखंड स्तर पर प्रशासनिक पदाधिकारियों की सुरक्षा के संबंध में विचार किया जायेगा।

Sushil 24/6/08

महासचिव
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

ज्ञापांकः–78 दिनांकः–24-6-08

प्रतिलिपिः–1. आकाशवाणी/दूरदर्शन को सूचनार्थ एवं प्रसारनार्थ प्रेषित।
2. सभी दैनिक समाचार पत्रों के सम्पादक को सूचनार्थ प्रेषित।

Sushil 24/6/08

महासचिव
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ